PRESS INFORMATION BUREAU
पत्र सूचना कार्यालय
GOVERNMENT OF INDIA
भारत सरकार

Haribhumi, Delhi
Fri, 09 Jun 2017, Page 6
Width: 16.04 cms, Height: 41.71 cms, a3, Ref: 26.2017-06-09.89

मोतिहारी में योग शिविर शुरू

एजेंसी. मोतिहारी

केंद्रीय कृषि एवं कल्याण मंत्री राधामोहन सिंह ने योगगुरु बाबा रामदेव के तीन दिवसीय योग शिविर का पूर्वी चंपारण जिला मुख्यालय मोतिहारी में गुरुवार को उद्घाटन किया। चंपारण सत्याग्रह शताब्दी स्मृति वर्ष के अवसर पर आयोजित इस शिविर का मोतिहारी के गांधी मैदान में उद्घाटन करते हुए राधामोहन ने योग का देश और दुनिया में प्रसार करने के बाबा रामदेव के प्रयास की सराहना की और कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आह्वान पर संयुक्त राष्ट्र के 193 देशों ने अंतरराष्ट्रीय योग दिवस (21 जून) पर योग अभ्यास किया। योग शिविर में भाग लेने आए लोगों को योग की विभिन्न कलाओं का प्रशिक्षण देते हुए रामदेव ने उनसे योग को अपनाने की अपील की और कहा कि बलवान एवं चरित्रवान बने तभी मेरा भारत महान बनेगा। रामदेव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के चेहरे की चमक योग के कारण ही है, इसलिए

- **राधामोहन ने योग का देश और दुनिया में प्रसार करने के रामदेव के प्रयास की सराहना की**

18 घंटे काम करके भी उन्हें थकान नहीं होती। उन्होंने कहा कि भाजपा अध्यक्ष अमित शाह ने योग की बदौलत ही अपना वजन 20 किलोग्राम कम किया है। उल्लेखनीय है कि योग गुरु ने बुधवार को बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के पूर्णशराबबंदी के निर्णय की प्रशंसा करते हुए कहा था कि शराब की लत से छुटकारा पाने में योग से मदद मिलेगी। मोतिहारी में तीन दिनों तक लोगों को योग सिखाने के साथ ही रामदेव अपने इस प्रवास के दौरान महात्मा गांधी से जुड़े स्थलों एवं अन्य महत्वपूर्ण स्थानों पर आयोजित कई कार्यक्रमों में भाग लेंगे। बाबा रामदेव ने कहा कि बिहार से मेरा गहरा लगाव रहा है। बिहार में आकर मैं बिहारी हो जाता हूं। बिहारियों में अपार संभायनाएं हैं और प्रतिभा की कमी नहीं। बिहार में योग भी होगा और उद्योग भी होगा।